हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 1 जून 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 हवा के हल्के झोंके से टूटे विद्युत तार शहर में देर रात तक छाया रहा अंधेरा






# नगर सरकार बनाने 4642 मतदाता करेंगे मतदान, भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर




▪ सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक डाले जाएंगे वोट

नगर पंचायत शिवनंदनपुर के सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान होगा। मतदान को लेकर जिला प्रशासन और निर्वाचन विभाग द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शिवनंदनपुर में नगर सरकार बनाने के लिए जनता पहली बार मतदान करेगी। मतदान सुबह 8 से शाम 5 बजे तक होगा।

पंद्रह वार्डो वाली नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में मतदाताओं की सुविधा के लिए कुल 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 4642 मतदाता नगर सरकार चुनने मतदान करेंगे। नगर पंचायत में 2335 पुरुष व 2307 महिला मतदाता शामिल है। मतदाताओं की सुविधा के लिए वार्डवार मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान के बाद मतों की गणना 4 जून को की जाएगी। बता दें कि नगर पंचायत चुनाव को लेकर क्षेत्र में राजनैतिक सरगर्मी तेज है। चुनाव में नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से रितेश जायसवाल और कांग्रेस से संजय सोनी मैदान में है। वहीं दोनों पार्टियों ने पार्षदों के लिए जोर लगाया है। ऐसे में अब सोमवार को नगर सरकार के लिए जनता प्रत्याशियों का भाग्य तय करेगी। रविवार को चुनाव के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया। एसडीएम शिवानी जायसवाल ने बताया कि 15 वार्डों के लिए 15 दल रवाना किए गए हैं जिसमें प्रत्येक दल में 4 मतदानकर्मी व 4 सुरक्षाकर्मी शामिल हैं

## पुलिस-प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर रविवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ मतदाताओं में भयमुक्त वातावरण का विश्वास कायम करना रहा। फ्लैग मार्च नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों और प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस बल, अधिकारी एवं सुरक्षा जवानों ने क्षेत्र का भ्रमण कर आम नागरिकों को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान में सहयोग करने की अपील की। वहीं असामाजिक तत्वों और चुनावी माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों को संदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान बाजार क्षेत्र, चौक-चौराहों और संवेदनशील माने जाने वाले इलाकों में विशेष निगरानी रखी गई। एसडीएम ने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी नागरिक बिना किसी दबाव और डर के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

## जिले में सरपंच और पंच पदों के लिए होगा मतदान

त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत सोमवार को जिले में भी सरपंच और पंच पदों के लिए चुनाव होगा। स्थानीय निर्वाचन के उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सरगुजा जिले में त्रिस्तरीय पंचायत अन्तर्गत जनपद पंचायत लखनपुर के ग्राम पंचायत गोरता एवं जोधपुर में रिक्त सरपंच पद एवं जनपद पंचायत अम्बिकापुर के ग्राम पंचायत कुबेरपुर के वार्ड क्रमांक 10 में रिक्त पंच पद हेतु उप निर्वाचन 1 जून को सविरोध निर्वाचन सम्पन्न कराया जाना है। 56 पंच के पद में से 55 पंच के पद निर्विरोध एवं ग्राम पंचायत कुबेरपुर के वार्ड क्रमांक 10 पर एक पंच के पद पर सविरोध निर्वाचन हो रहा है। चुनाव हेतु छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश अनुसार ग्राम पंचायतों के पंच हेतु संबंधित वार्ड में, सरपंच हेतु संबंधित ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित शासकीय सस्थान, कार्यालय के लिए मतदान के दिन 1 जून को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

## अंजुमन कमेटी ने जताया भाजपा पर भरोसा



▪ मंत्री राजेश अग्रवाल व लक्ष्मी राजवाड़े ने किया मांगें पूरी करने का वादा

**सूरजपुर/बिश्रामपुर।** मुस्लिम समाज के भाजपा को समर्थन से शिवनंदनपुर का नगर पंचायत चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है। आज एक बड़े राजनीतिक घटनाक्रम कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल व लक्ष्मी राजवाड़े की मौजूदगी में अंजुमन कमेटी बिश्रामपुर के सदर सलीम खान, सेक्रेटरी एजाज अहमद, टीटू कुरैशी, हाजी रहमतुल्लाह हाफिज, हुसैन जुल्फी, शाहबाज, इमरान शानू, सीनू खान, अयान, आमीन, रेहान, शाहिद आलम फिरोज, रिजवान, इमरान, नौशाद, तौकीर, मुस्ताक खान ने अपनी कई मांगों के साथ भाजपा पर भरोसा जताया। अल्पसंख्यक समुदाय ने भाजपा प्रत्याशी रितेश जायसवाल के पक्ष में मतदान करने की बात कही। शिवनंदनपुर नगर पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा कोई कसर नही छोड़ना चाह रही है यही कारण है कि चुनाव अभियान थमने के बाद भी समाज प्रमुखों से मिलकर प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।



### सभी के हितों का ख्याल रखेंगे: राजेश

कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने उपस्थितजनों को भरोसा दिलाया कि विष्णु देव सरकार में सभी के हितों का ख्याल रखा जा रहा है। शिवनंदनपुर नगर पंचायत में भाजपा के जीत के साथ मूलभूत सुविधाएं सड़क बिजली पेयजल सभी मांगे पूरी होंगी। बैठक में मौजूद मुस्लिम समुदाय लोगों ने भी पार्टी व सरकार पर अपना भरोसा जताया है।

## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन सरगुजा की बैठक कल

**अम्बिकापुर।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन सरगुजा के सदस्य सचिव एवं कार्यपालन अभियंता ने बताया कि जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 2 जून को सायं 5 बजे जिला कलेक्टरेट सभा कक्ष में आयोजित है। बैठक में जल जीवन मिशन के विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा उपरांत अनुमोदन किया जाना है।

### राजीव गांधी पीजी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** संभाग के सबसे बड़े एवं एकमात्र स्वशासी महाविद्यालय राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु स्नातक, स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से प्रारंभ कर दी गई है। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से समय-सीमा के भीतर प्रवेश संबंधी समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने का आह्वान किया है। महाविद्यालय में कला, विज्ञान, वाणिज्य, कंप्यूटर, विधि सहित विभिन्न विषयों में अध्ययन की व्यवस्था है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा कौशल विकास के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। महाविद्यालय में आधुनिक प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, स्मार्ट कक्षाएं, खेल सुविधाएं, डिजिटल शिक्षण संसाधन तथा अनुभवी प्राध्यापक उपलब्ध है। प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि विद्यार्थी समय पर आवेदन करें। महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान कर उन्हें रोजगारोन्मुख एवं समाजोपयोगी शिक्षा उपलब्ध कराना है। प्रवेश, मेरिट सूची, दस्तावेज सत्यापन एवं शुल्क जमा करने संबंधी समस्त जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट एवं महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर समय-समय पर प्रदर्शित की जाएगी।

### नवापारा के ऑपरेशन थिएटर में सुविधा शुरू



**अम्बिकापुर।** शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। यहां नवस्थापित ऑपरेशन थिएटर में गुरुवार को पहला सफल सीटीटी ऑपरेशन सम्पन्न किया गया। जिला खनिज न्यास निधि से निर्मित इस ऑपरेशन थिएटर के संचालन से नवापारा सहित आसपास के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अब स्थानीय स्तर पर बेहतर एवं सुरक्षित सर्जिकल सुविधाएं मिल सकेंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस मार्को के मार्गदर्शन में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं टीम के द्वारा सफल ऑपरेशन सम्पन्न हुआ। टीम में निशचेतना विशेषज्ञ डॉ. आशा बंसल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सृष्टि पाण्डेय, डॉ. रूपल ठाकुर, डॉ. रजनी किशोरी एक्का, स्टाफ नर्स नीतू एक्का, दीपशिला रंजन, आशादीप तिर्की तथा ओटी टेक्नीशियन विवेक तिवारी शामिल रहे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शीला नेताम ने बताया कि नवीन ऑपरेशन थिएटर प्रारंभ होने से अब मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो पाएंगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर मातृ एवं शल्य चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## शासन ने ननि को दी 9.21 करोड़ रूपए की स्वीकृति

# बांकी डेम से तकिया फिल्टर प्लांट तक अब ग्रेविटी पाइप लाइन से आएगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

▪ नहर के माध्यम से आता है पानी, होता है पानी का लॉस



बांकी डेम से शहर के तकिया फिल्टर प्लांट तक नगर निगम द्वारा अब ग्रेविटी पाइप लाइन का विस्तार किया जाएगा। ग्रेविटी पाइप लाइन के विस्तार हेतु ननि को मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत 9.21 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पाइप लाइन से ही नगर निगम अब डेम से फिल्टर प्लांट तक पानी लाएगा जिससे निगम को होने वाले वॉटर लॉस की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी और लोगों को पर्याप्त पानी की आपूर्ति होगी।

बता दें कि शहर के 16 टंकियों में तकिया फिल्टर प्लांट से पानी सप्लाई की जाती है और गर्मी के मौसम में वर्षों पुराने इस फिल्टर प्लांट से ही पानी सप्लाई में समस्या आ रही है। तकिया फिल्टर प्लांट की क्षमता 17 एमएलडी है लेकिन वर्तमान में अधिकतम 12-14 एमएलडी एमएलडी पानी ही सप्लाई हो पाने की बात कही जा रही है और शेष पानी बर्बाद हो जाता है। इसका मुख्य कारण है कि वर्तमान में बांकी डेम से तकिया फिल्टर प्लांट तक पानी को नहर के माध्यम से लाया जाता है। नहर से पानी लाने के दौरान गर्मी में पानी सूखने के साथ ही लोगों द्वारा नहर में किए गए अतिक्रमण से नगर निगम को पानी का लॉस होता है। यही वजह है कि नगर निगम क्षेत्र में लोगों को कम पानी मिल रहा है। हालांकि नगर निगम द्वारा घुनघुट्टा डेम के कतकालो फिल्टर प्लांट में एक पंप लगाकर क्षमता 18 एमएलडी की गई है और इससे पानी की कमी को पूरा किया जा रहा है लेकिन वर्तमान में बढ़ती आबादी और पानी की मांग के कारण निगम को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। यही वजह है कि नगर निगम द्वारा ग्रेविटी पाइप लाइन के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था और शासन से इसके लिए अनुमति भी मिल गई है।

### 5.5 किमी होगा पाइप लाइन का विस्तार

बताया जा रहा है कि बांकी डेम से तकिया फिल्टर प्लांट तक 5.5 किलोमीटर तक पाइप लाइन का विस्तार किया जाएगा। नगर निगम द्वारा 9.21 करोड़ रूपए की लागत से 600 एमएम डीआई पाइप बिछाया जाएगा। इस पाइप लाइन के माध्यम से रॉ वाटर सीधे प्लांट तक आएगा और फिर प्लांट में पानी को फिल्टर करने के बाद क्षेत्र में आपूर्ति की जाएगी। शासन द्वारा मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत इसकी राशि जारी की गई है।


### मिल गई है स्वीकृति

पाइप लाइन विस्तार के लिए शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। शासन द्वारा बांकी डेम से तकिया फिल्टर प्लांट तक ग्रेविटी पाइप लाइन विस्तार के लिए 9.21 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। जल्द ही कार्य शुरू कराया जाएगा ताकि भविष्य में लोगों को पानी की समस्या का सामना ना करना पड़े।

-**श्रीमती मंजूषा भगत**, महापौर

# 33 घंटे बाद भी नहीं मिला युवक का शव, तलाश जारी

▪ नहाते समय गागर नदी में डूब गया था युवक



**राजपुर।** गागर नदी पुल से लगभग 50 मीटर नीचे स्थित हुक्का दह में डूबे 22 वर्षीय युवक का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं मिल पाया। शनिवार सुबह हुई इस घटना के बाद से पुलिस, प्रशासन और गोताखोरों द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही है लेकिन लगभग 33 घंटे बाद भी युवक का पता नहीं चल सका। रविवार की देर शाम सात बजे तक अभियान जारी रहा लेकिन टीम को सफलता नहीं मिल पाई।

जानकारी के अनुसार ग्राम डकवा में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद शनिवार सुबह करीब 10 बजे लगभग 10 युवक गागर नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान बरियों उरांवपारा निवासी 22 वर्षीय फुलसाय लकड़ा आ. सुरेंद्र लकड़ा नदी के गहरे हिस्से में पहुंच गया और अचानक डूबने लगा। साथ मौजूद युवकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कर दी। नदी में अधिक गहराई तथा असमतल तल होने के कारण खोज कार्य में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। युवक की तलाश के लिए बलरामपुर से गोताखोरों की टीम बुलाई गई, जिसने लगातार दो दिनों तक नदी में सर्च अभियान चलाया। रविवार को राजपुर एसडीएम एवं थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे और गोताखोरों के साथ नाव के माध्यम से नदी के विभिन्न हिस्सों में खोजबीन कराई। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से छोटे महाजाल का उपयोग कर भी तलाश करने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। ग्रामीणों का कहना है कि हुक्का दह क्षेत्र में नदी की गहराई अधिक है और तल समतल नहीं होने के कारण खोज कार्य प्रभावित हो रहा है। घटनास्थल पर परिजनों और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी रही। परिजन युवक के सकुशल मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं। वहीं भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुकेश गुप्ता भी रविवार को गागर नदी पहुंचकर परिजनों एवं ग्रामीणों से मुलाकात की और खोज अभियान की जानकारी ली। राजपुर उप निरीक्षक सुबल सिंह ने बताया कि सोमवार को अंबिकापुर से गोताखोर पहुंचेंगे और युवक की तलाश करेंगे।

## मतदान दल...




बिश्रामपुर। हरिझण्डी दिखाकर मतदान दल को रवाना करतीं निर्वाचन अधिकारी शिवानी जायसवाल।

## वन विभाग ने लेने से किया इनकार, घंटों परेशान रहे ग्रामीण

# जंगल से भटककर आए कोटरा पर कुत्तों ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सरगुजा में एक बार फिर से वन विभाग की लापरवाही सामने आई है। जंगल से भटककर आए कोटरा को वन विभाग ने अपने पास रखने से इनकार कर दिया। इस दौरान ग्रामीण कोटरा को लेकर घंटों तक संजय पार्क के सामने खड़े रहे। बाद में कोटरा को वन विभाग ने चेंद्रा भेज दिया है लेकिन इस घटना वन विभाग की उदासीनता सामने आई है। बड़ी हात यह है कि हाल ही में संजय पार्क में बड़ी संख्या में हिरणों की मौत का मामला सामने आया था। इस घटन को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने भी चिंता जाहिर की है।

बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह शहर से लगे बांकी डेम खैरबार क्षेत्र में जंगल से भटककर एक कोटरा बस्ती की ओर आ गया था जिसके बाद कुत्तों के झुण्ड ने कोटरा पर हमला कर दिया और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने कुत्तों को भगाकर कोटरा को बताया और वन विभाग को इसकी सूचना दी। बाद में कोटरा को पशु चिकित्सालय ले जाया गया जहां मरहम लगाने के बाद पशु चिकित्सा विभाग ग्रामीणों को कोटरा को संजय पार्क में देने के लिए बोलकर भेज दिया। ग्रामीण चन्दन दास ने बताया कि जब वे कोटरा को लेकर संजय पार्क पहुंचे तो वहां मौजूद प्रभारी ने कोटरा को लेने से इनकार कर दिया। ढाई घंटे से अधिक समय तक ग्रामीण कोटरा को लेकर ऑटो में बैठे रहे लेकिन अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली। बाद में वन विभाग के प्रभारी ने ग्रामीणों को कहा कि कोटरा को चेंद्रा में स्थित पार्क में छोड़कर आ जाए। इस घटना से वन्य जीवों को लेकर वन विभाग और संजय पार्क प्रबन्धन की उदासीनता और लापरवाही सामने आई है जबकि हाल ही में कुत्तों के हमले में संजय पार्क में हिरणों की मौत हुई थी। इधर इस मामले में संजय पार्क प्रभारी श्री पाण्डेय का कहना है कि पशु चिकित्सालय में कोटरा का उपचार अक्राया गया है। यहां हिरन ट्रांसफर किया जा रहा है इसलिए कोटरा को रखने का निर्देश नहीं है।

### वन विभाग की जिम्मेदारी : सिंहदेव

इधर इस मामले को पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने भी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अगर जानवर घायल है और मानव संपर्क में आ गया है तो उसका उपचार कराना चाहिए। जानवर को जंगल में तो छोड़ना ही है। वन विभाग की जिम्मेदारी बनती है कि वन्य जीत का उपचार कराने के बाद उसे जंगल में छोड़ा जाए।

### रखा गया है सुरक्षित

जंगल से भटककर आए कोटरा पर कुत्तों ने हमला किया था। पशु चिकित्सालय में उसका उपचार कराया गया। उसे अन्य स्थान पर सुरक्षित रखा गया है।

-**अभिषेक जोगावत**, डीएफओ

# सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र सहित चार की गई जान

**प्रतापपुर।** शनिवार का दिन करंजवार में सड़क दुर्घटनाओं का दिन रहा। एक ही दिन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र सहित चार लोगों की मौत हो गई। दोनों ही घटनाएं उस समय हुई जब क्षेत्र के लोग गंगा दशहरा मेला देख कर वापस लौट रहे थे। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पलढा निवासी अमलेश आ. जगदीश (20 वर्ष) शनिवार को ग्राम सरहरी में गंगा दशहरा मेला देखने बाइक क्रमांक सीजी 15 ईके 5461 से दोस्तों के साथ गया था। शाम को युवक अकेले बाइक से वापस घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार करंजवार जंगल नाला के समीप पहुंचा तभी स्कूटी क्रमांक सीजी 29 एजे 1185 सवार से आमने सामने भिड़ंत हो गई। बाइक व स्कूटी की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार रामदेव आ.बसंत की मौत पर ही मौत हो गई जबकि उसके पुत्र राजू आ. रामदेव व अमलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने बालक व युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आ रहे थे तभी घायल राजू ने रास्ते में दम तोड़ दिया जबकि अमलेश की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। एक साथ पिता-पुत्र की मौत हो जाने से गांव में मातम पसर गया। शनिवार को ही ग्राम पड़िपा निवासी सुखलाल आ. रामशरण (45 वर्ष) खेत में लगी फसल में खाद डालने के पश्चात बाइक से वापस लौट रहा था तभी करंजवार जंगल मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को लेकर अस्पताल जा रहे थे तभी घायल ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों के अनुसार, एक ही दिन में तीन लोगों की मौत से गांव में मातम का माहौल है।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं : राठौर

**बैकुण्ठपुर।** जिले में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता पर्याप्त है तथा आम नागरिकों को इंधन की आपूर्ति सुचारु रूप से की जा रही है। पेट्रोल-डीजल की कमी संबंधी अफवाहों के चलते कुछ लोगों द्वारा वाहनों में ईंधन भराने के अलावा अतिरिक्त मात्रा में डिब्बों एवं बोतलों में पेट्रोल-डीजल संग्रह किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। जिला खाद्य अधिकारी नटवर सिंह राठौर ने जानकारी देते हुए बताया है कि शासन द्वारा आवश्यकता से अधिक पेट्रोल-डीजल के अनधिकृत भंडारण पर रोक लगाने के उद्देश्य से डिब्बों एवं बोतलों में पेट्रोल-डीजल के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है और नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। जिला खाद्य अधिकारी श्री राठौर ने बताया कि कृषि कार्यों के लिए पेट्रोल अथवा डीजल की आवश्यकता होने पर किसान अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) (एसडीएम) को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन की जांच के बाद वास्तविक आवश्यकता पाए जाने पर एसडीएम की अनुमति से किसानों को डिब्बों में पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराया जाएगा।

### पेट्रोल पंप के पास हाइवा और कार की टक्कर

**बैकुण्ठपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सलका पेट्रोल पंप के समीप हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पाराडोल निवासी राजेश सिंह को 28 मई की दोपहर करीब 1 बजे उनके जीजा रामायण सिंह के मोबाइल फोन से सूचना मिली कि उनके एक रिश्तेदार का सलका पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना मिलते ही परिजन और परिचित मौके पर पहुंचे। शिकायत के अनुसार घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक हाईवा वाहन कथित रूप से गलत दिशा में जाकर कार से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सवार व्यक्ति को गंभीर चोटें आईं। घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए अपोलो अस्पताल बिलासपुर रेफर किया गया। वर्तमान में उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 125 (ए) और 281 तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों और वाहन चालक की भूमिका की जांच की जा रही है।

### स्वच्छता से समृद्धि की राह-अब घर-घर होगा कचरे का पृथक्करण

**मनेन्द्रगढ़ ।** स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज, सुरक्षित पर्यावरण और बेहतर भविष्य की आधारशिला है। इसी सोच को धरातल पर उतारने के लिए जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यशाला में अधिकारियों-कर्मचारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को कचरा प्रबंधन के नए नियमों और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला सलाहकार राजेश जैन ने नियम 2026 के प्रमुख प्रावधानों, कार्ययोजना और क्रियान्वयन प्रक्रिया पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि अब स्त्रोत स्तर पर ही गीला, सूखा, सैनिटरी और जोखिमपूर्ण कचरे का पृथक्करण अनिवार्य होगा तथा कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जाएगा। कलेक्टर संतन देवी जांगड़े ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।

## भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत, तापमान में आई गिरावट

# मौसम ने ली करवट, तेज आंधी और बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नौतपा के सातवें दिन रविवार को दोपहर तक चिलचिलाती धूप और उमस के बाद अचानक मौसम ने करवट बदल ली। अपरान्ह में आसमान में काले बादल छा गए और तेज धूलभरी आंधी चलने लगी। तेज अंधड़ के कारण शहर की सड़कों पर आवागमन प्रभावित हुआ, वहीं कई जगह पेड़ों की डालियां टूटकर गिर गईं। आंधी की रफ्तार कम होने के बाद शहर क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई तथा जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की भी जानकारी मिली।

मौसम में आए बदलाव के कारण शाम तक वातावरण सुहावना बना रहा और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। उल्लेखनीय है कि नौतपा के पांचवें दिन से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ है। लगातार बारिश और बादलों की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। रविवार को अधिकतम तापमान में लगभग 7 डिग्री की कमी आई और पारा 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



### तेज आंधी-तूफान के दौरान सावधानी बरतें : कलेक्टर रोक्तिमा यादव

जिले में मौसम में आए अचानक बदलाव और तेज आंधी-तूफान की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मर और जर्जर भवनों के आसपास खड़े होने से बचें तथा सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक सावधानियों का पालन करें। कलेक्टर ने कहा कि तेज हवा और वर्षा के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए लोग अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। वाहन चालकों से भी सावधानीपूर्वक वाहन चलाने, दुपहिया वाहन में हेलमेट तथा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग करने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि सतर्कता और सावधानी ही प्राकृतिक आपदाओं तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। नागरिकों के सहयोग से किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सकता है।

### मानसून के आगमन को लेकर ग्रामीण उत्साहित

**सोनहत।** क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जारी भीषण गर्मी और नौतपा के बीच मौसम ने अचानक करवट ले ली है। शनिवार 31 मई को दोपहर बाद आसमान में घने बादल छा गए, जिसके बाद तेज हवा और आंधी-तूफान का दौर शुरू हो गया। मौसम का यह बदलाव देर शाम तक बना रहा। क्षेत्र के कुछ गांवों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। मौसम में आए इस परिवर्तन से आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं। बारिश की संभावना को देखते हुए ग्रामीण अपने घरों के रख-रखाव, मरम्मत और अन्य आवश्यक तैयारियों में जुट गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग मानसून के आगमन को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं।

## त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन

# 23 मतदान केन्द्रों पर आज होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के अंतर्गत जनपद पंचायत बैकुंठपुर की 11 ग्राम पंचायतों में 8 पंच पदों एवं 1 जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए 1 जून को मतदान कराया जाएगा।

निर्वाचन के लिए गठित मतदान दलों को उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उप निर्वाचन के लिए कुल 23 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जहां सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। निर्वाचन में कुल 6 हजार 639 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 3 हजार 386 पुरूष एवं 3 हजार 253 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान समाप्ति के बाद संबंधित मतदान केन्द्रों में ही मतगणना की जाएगी, जबकि अंतिम सारणीकरण कार्य 4 जून को जनपद पंचायत बैकुंठपुर में होगा। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

# अमृतधारा में सुरक्षा व्यवस्था हुई मजबूत, लगाए गए चेतावनी बोर्ड




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अमृतधारा जलप्रपात में हाल ही में हुई दुखद घटना के बाद जिला प्रशासन ने पर्यटकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी है।

प्रशासन द्वारा जलप्रपात क्षेत्र के संवेदनशील और दुर्घटना संभावित स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। प्रशासन ने ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया है, जहां फिसलन और गहराई के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इन स्थानों पर पर्यटकों को सावधानी बरतने और प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने पर्यटकों से सुरक्षा नियमों का पालन करने और जोखिमपूर्ण गतिविधियों से बचने की अपील की है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।

### दंतैल अंधेरा होते ही पहुंच जा रहा बस्ती के निकट: दहशत

**धौरपुर।** पिछले 10 दिनों से कोतरी जंगल में मौजूद अकेले घूम रहा दंतैल आक्रामक हो गया है तथा अंधेरा होते ही आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जा रहा है। दंतैल लगातार मक्के व सब्जियों की फसल रौंदकर तबाह कर रहा है। दंतैल के आक्रामक स्वभाव को देखते हुए ग्रामीण दहशत के बीच रातें गुजार रहे हैं। कोतरी जंगल में मौजूद दंतैल पिछले 10 दिनों से ग्राम किसुनपुर, पड़ौली, खुरण्डी एवं जमीरा में ग्रीष्मकालीन मक्का, खीरा, टमाटर सहित अन्य सब्जियों की फसल को तबाह कर रहा है। रोज-रोज की क्षति से परेशान किसानों ने बीच में शोर मचाकर दंतैल को जंगल की ओर खदेड़ने की कोशिश की तो दंतैल आक्रोशित हो गया तथा ग्रामीणों को दौड़ाने लगा। दंतैल द्वारा तोड़-फोड़ नहीं मचाने से ग्रामीण उसे सीधा मानते थे। दंतैल के आक्रामक स्वभाव को देखते हुए ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मक्का की फसल तैयार हो गई है जबकि सब्जियों की फसल में अभी फलन शुरू नहीं हुआ है। दंतैल द्वारा फसलों को रौंदने से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हो रही है।

# हर्रापारा में दहशत, घरों के बाहर खड़ी बाइकों से पेट्रोल चोरी

## पेट्रोल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय, कई वाहनों में चोरी की घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- अब तक कोई आरोपी पकड़ में नहीं आया

शहर के वार्ड क्रमांक 1 हर्रापारा में इन दिनों दुपहिया वाहनों से पेट्रोल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। रात के सन्नाटे में घरों के बाहर खड़ी बाइकों से पेट्रोल चोरी की घटनाएं लगातार सामने आने लगी हैं, जिससे मोहल्लेवासी दहशत में हैं। रविवार तड़के एक वाहन मालिक ने अपनी बाइक से पेट्रोल निकालते एक युवक को देख लिया, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला।



जानकारी के अनुसार हर्रापारा निवासी एक व्यक्ति रोज की तरह शनिवार रात अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी कर सो गया था। रविवार तड़के करीब 3 बजे अचानक घर से बाहर निकलने पर उसने देखा कि उसकी बाइक के पास एक युवक संदिग्ध हालत में खड़ा है। आवाज सुनते ही युवक भागने लगा। वाहन मालिक ने उसे दौड़ाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। जल्दबाजी में आरोपी पेट्रोल से भरा डिब्बा वहीं छोड़ गया। पीड़ित ने बताया कि बाइक की टंकी के पाइप को काटकर पेट्रोल निकाला जा रहा था। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि बीती रात क्षेत्र में कई अन्य बाइकों से भी पेट्रोल चोरी की घटनाएं हुई हैं। सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से इस तरह की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन अब तक कोई आरोपी पकड़ में नहीं आया है।

### सुनियोजित तरीके से हो रही चोरी

स्थानीय लोगों के मुताबिक पेट्रोल चोरी करने वाला गिरोह बेहद सुनियोजित तरीके से काम करता है। पहले बाइक की टंकी के पाइप को काटकर उसमें पाइप जोड़ दिया जाता है और नीचे डिब्बा रख दिया जाता है, इसके बाद आरोपी कुछ दूरी पर चले जाते हैं और बाद में आकर पेट्रोल से भरा डिब्बा लेकर फरार हो जाते हैं।

### पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग

हर्रापारा शहर का घनी आबादी वाला क्षेत्र है। लगातार हो रही पेट्रोल चोरी की घटनाओं से लोग अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। मोहल्लेवासियों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है, ताकि चोरी की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# मनेन्द्रगढ़ में सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** हाई स्कूल मैदान में सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के स्टेट प्रभारी संजय अग्रवाल की मौजूदगी में काफी संख्या में योग साधकों एवं नागरिकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। उन्होंने सभी नागरिकों से दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 18 वीं बटालियन के हेड संजय शर्मा, दिनेश्वर मिश्रा, नीरज अग्रवाल, योग समिति के जिलाध्यक्ष सतीश



उपाध्याय, नपाध्यक्ष प्रतिमा यादव, पंकज जैन संचेती, जयचंद्र बोथरा, संजीव ताम्रकार, अजमुद्दीन अंसारी, राहुल सिंह, जयंती यादव, अजय अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। पतंजलि योग समिति के स्टेट कोऑर्डिनेटर संजय अग्रवाल ने शिविर के दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया । सात दिनों तक चलने वाले इस शिविर में स्वास्थ्य संवर्धन, तनाव प्रबंधन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने बताया कि योग शिविर में प्रतिदिन प्रातःकाल योगाभ्यास कराया जाएगा तथा सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए इसमें भाग लेने की व्यवस्था की गई है। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों ने नियमित योग करने का संकल्प भी लिया।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा 4 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत एमसीबी की सामान्य सभा की बैठक 4 जून को आयोजित की जाएगी। बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी, जिसमें जिले के जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी शामिल होकर विभिन्न विकासात्मक एवं जनहित के विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। बैठक में जिला पंचायत की आय-व्यय की समीक्षा के साथ-साथ ग्रामीण विकास और प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। एजेंडे में वीबी-ग्राम जी प्रशिक्षण, जल संरक्षण अभियान मोर गांव मोर पानी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी नवीन निर्देशों की जानकारी, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट) के संबंध में प्रशिक्षण तथा महतारी वंदन योजना की प्रगति की समीक्षा प्रमुख रूप से शामिल है। बैठक में जिले के विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण क्षेत्रों में जन सुविधाओं को बेहतर बनाने के उपायों पर भी चर्चा की जाएगी।

# उप निर्वाचन: हरी झंडी दिखाकर की गई बस रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रूक्तिमा यादव तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के तहत जनपद पंचायत बैकुंठपुर के 11 ग्राम पंचायत में कुल 8 पंच एवं 1 जनपद पंचायत सदस्य का उप निर्वाचन कराए जाने के लिए 23 मतदान दलों का उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीडी मंडावी ने हरीझंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

विदित हो कि ग्राम पंचायत डुमरिया एवं केनापारा में 8 पंचों और जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7 में जनपद सदस्य के निर्वाचन के लिए 1 जून को प्रातः 7 से 3 बजे तक उप निर्वाचन होना है। जनपद सदस्य एवं पंचो के उप निर्वाचन




निर्वाचन के लिए 23 मतदान केन्द्र बनाए गए मतदान के पश्चात मतदान केन्द्र स्थल पर ही मतगणना किया जाएगा, परंतु परिणाम की घोषणा खंड मुख्यालय पर रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा किया जाएगा।

मतदान दलों को सामग्री वितरण स्थल पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, उमेश पटेल, रिटर्निंग ऑफिसर शुभ कोसले ,सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ए.पन्ना, सेक्टर मजिस्ट्रेट मुखदेव यादव, अभिसार पांडेय, सेक्टर आफिसर डॉ.राकेश शुक्ला, डॉ. शुभम वर्मा, एके निराला, एसके ओझा एवं उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर, डीएसपी राजेश साहू, पंचायत उप निर्वाचन प्रभारी अधिकारी जीएस ध्रुव, रामा निवास उपाध्याय एवं जनपद स्टॉप उपस्थित रहे।

## फाइनल में वार्ड क्रमांक 22 की टीम को 55 रनों से हराया

# मनेन्द्रगढ़ कप क्रिकेट टूर्नामेंट में भगत सिंह वार्ड बना चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

मनेन्द्रगढ़ कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच शनिवार को शहर के मिनी स्टेडियम में रंगारंग समारोह के बीच खेला गया। 12 दिनों तक चले क्रिकेट के इस महाकुंभ में वार्ड 17 के विजेता बनने पर समर्थक जश्न में डूब गए। फाइनल मैच का लुत्फ उठाने के लिए मिनी स्टेडियम में खेलप्रेमियों का सैलाब उमड़ पड़ा।

प्रेसीडेंट क्लब द्वारा आयोजित मनेन्द्रगढ़ कप का समापन समारोह प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले एवं नपा अध्यक्ष प्रतिमा यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। लगातार सोलह वर्षों से आयोजित होने वाला फ्लट लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के 16 वें वर्ष में वार्ड क्रमांक 17 व 22 के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जहां वार्ड क्रमांक 17 ने टास जीतकर बल्लेबाजी चुना। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वार्ड क्रमांक 17 की टीम के ओपनर अभिषेक और संजय ने टीम को



अच्छी शुरूआत प्रदान की संजय के द्वारा 31 गेंद पर 78 रन के शानदार प्रदर्शन से निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 135 रन बनाया। गेंदबाजी में वार्ड क्रमांक 22 के गेंदबाज अंगद, मेहताब, सुमित, मनीष और फैज ने एक एक विकेट हासिल किया। 135 रनो का पीछा करने उतरी वार्ड क्रमांक 22 की टीम के श्रेयस 30 , सुमित 20 रनो की पारी के बावजूद पूरी टीम 80 रन बना कर आल आउड हो गई। गेंदबाजी में वार्ड क्रमांक 17 के गेंदबाज संजय ने दो, अभिषेक ने तीन सागर ने दो विकेट, शिवम और निखिल ने एक एक विकेट हासिल किया। इस तरह वार्ड क्रमांक 17 ने फाइनल मैच 55 रनो से जीत कर मनेन्द्रगढ़ कप 2026 पर अपना नाम दर्ज करा लिया। ऑलराउंडर संजय ने दो विकेट के साथ ही 78 रनो की अर्द्धशतकीय पारी खेली, जिससे उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। मैच में अंपायर की भूमिका अजय सिंह व अमन ने की।

स्कोरिंग शुभम सिंह एवं कमेंट्री में प्रकाश त्रिपाठी व रमणीक रैना ने आंखों देखा हाल सुनाया। विजेता व उपविजेता टीम को शानदार ट्राफी के साथ अन्य पुरस्कार प्रदान किया गया। व्यक्तिगत पुरस्कारों में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार वार्ड क्रमांक 17 के खिलाड़ी अभिषेक बढेरा को दिया गया। वहीं बेस्ट बॉलर विक्की, बेस्ट बैट्समैन श्रेयस सिन्हा व बेस्ट फिल्डर गगन को प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूरे टूर्नामेंट में शानदार अंपायरिंग के लिए अजय सिंह और अमन को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष धमेन्द्र पटवा, पूर्व नपा अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, लखनलाल श्रीवास्तव, दिनेश्वर मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, अमित पोद्दार, निखिल जायसवाल, गौरव राघव, अनिल प्रजापति, अजय जायसवाल, जमील शाह, गिरधर जायसवाल, श्रीमती नीलू जायसवाल, संजय सिंह सेंगर, दुर्ग विजय सिंह, अधिवक्ता अजय पांडेय, सूरजभान सिंह, हफीज मेनन, शिव यादव, अतुल सोनी, स्वाति मिश्रा, बबीता सिंह, रोहित वर्मा, राम मनोहर शाह,बबलू जायसवाल, अशोक खटीक, मनोज नेताम, शुभांशु पोद्दार आदि मंचासीन रहे।

# सत्ता पक्ष के पार्षदों की अनसुनी से जनता परेशान

**डोमनहिल।** नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 34 के पार्षद राहुल भाई पटेल ने निगम के वर्तमान कार्यकाल और व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा है कि सत्ता पक्ष के पार्षदों की स्थिति देखकर शहर की जनता स्वयं नगर की वास्तविक स्थिति का आंकलन कर सकती है।

उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 39 के भाजपा पार्षद द्वारा सोशल मीडिया पर सफाई कर्मचारियों की कमी का मुद्दा उठाते हुए वार्डवासियों से सीधे 1100 में शिकायत करने की अपील की गई है। वहीं वार्ड क्रमांक 6 के भाजपा पार्षद ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से मंत्री और महापौर को टैग करते हुए अपनी समस्याएं साझा की हैं। उन्होंने कहा कि जब सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों को ही अपनी बात रखने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेना पड़ रहा है, तब आम नागरिकों की समस्याओं और उनकी सुनवाई की स्थिति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चिरमिरी की जनता यह जानना चाहती है कि यदि जनप्रतिनिधियों की ही सुनवाई नहीं हो रही है तो आम नागरिक अपनी समस्याएं लेकर कहां जाएं। श्री पटेल ने मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 जनपद स्कूल बड़ा बाजार से वार्ड क्रमांक 34 गोदरीपारा गुरुद्वारा चौक तक गौरव पथ निर्माण कार्य के लिए 290.99 लाख रूपए की स्वीकृति का स्वागत किया। हालांकि उन्होंने कहा कि केवल बीटी सड़क नवीनीकरण तक कार्य सीमित रखना गौरव पथ की मूल अवधारणा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने मांग की कि इस महत्वपूर्ण मार्ग में सड़क चौड़ीकरण, दोनों ओर पाथवे निर्माण, नाली व्यवस्था, आधुनिक स्ट्रीट लाइट, सौंदर्यीकरण तथा यातायात सुरक्षा से जुड़े कार्यों को भी शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नागरिकों, व्यापारियों और पैदल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। पार्षद ने कहा कि क्षेत्र की बढ़ती आबादी और यातायात दबाव को देखते हुए केवल डामरीकरण भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करेगा। यदि अभी सड़क चौड़ीकरण और पाथवे निर्माण नहीं किया गया तो भविष्य में पुनः खुदाई और अतिरिक्त व्यय की स्थिति निर्मित हो सकती है।

**खबर संक्षेप**

## एफआईआर दर्ज होने पर विधायक जांच में कर रहे सहयोग : सिंह



**अम्बिकापुर।** सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो के समर्थन में युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने सिर्फ उतरे बल्कि एक बयान जारी कर कहा कि नायब तहसीलदार ने विधायक पर आरोप लगाया है और आरोप लगाने के पश्चात उनके ऊपर एफआईआर दर्ज हो गया। सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो ने बयान जारी कर कहा है कि जो आरोप लगे है उनकी सत्यता जांच में सहयोग देने को तैयार है। एक विधायक के ऊपर एफआईआर दर्ज हो जाना पारदर्शी और सुशासन कहीं दिखाई नहीं देती। विधायक के बहन के साथ बदतमीजी हुई उसके कई गवाह भी मौजूद है। अधिकारियों के व्यवहार के भी जांच होना चाहिए। लोगों के साथ उनका कैसा व्यवहार है उसकी भी जांच होनी चाहिए। कांग्रेस के जो नेताओं ने जो बयान दिए है चाहे सीतापुर के पूर्व विधायक मंत्री हो या अंबिकापुर के विधायक रहे पूर्व डिप्टी सीएम हो। सीतापुर विधायक के ऊपर आरोप लगे है और एफआईआर दर्ज हो गया। सरगुजा ने देखा है पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के समर्थक और कांग्रेस कार्यकर्ता किस तरह थाना में घुस कर पुलिसकर्मियों और अधिकारियों के साथ मारपीट किया करते थे। उन्होंने पूर्व डिप्टी सीएम पर भी निशाना साधा।

## केवरा में दूधिया रोशनी के बीच रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आगाज



**प्रतापपुर।** ग्राम केवरा के हाईस्कूल मैदान में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ भव्य रूप से संपन्न हुआ। भानु एकादश एवं जमतीपारा के खिलाड़ियों के संयुक्त तत्वावधान में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल के अनुशासन, भाईचारे और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का माध्यम बताया। अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है और युवाओं में खेल के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। शुभारंभ मैच तमोर और शांतिनगर की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें तमोर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए तमोर ने निर्धारित 8 ओवरों में 104 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अनुज ने बल्लेबाजी करते हुए 52 रनों की पारी खेली। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शांतिनगर की टीम तमोर के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम मात्र 45 रनों पर सिमट गई। इस तरह तमोर ने शानदार जीत दर्ज कर प्रतियोगिता में शुरुआत की। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। विजेता टीम को 25 हजार तथा उपविजेता टीम को 13 हजार रुपए नकद पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। इस दौरान आयोजन समिति के अरशद अली, नंदू रजवाड़े, महबूब, अनिकेश, दीपेश, शिव पैकरा, राजेश पैकरा, बल्लू खान, उमेश रजवाड़े, शैलेंद्र रजवाड़े, विकास राजवाड़े, विकास गुप्ता, शिव प्रसाद, सागर, सूर्या, अश्वनी रजवाड़े, टीकेश्वर रजवाड़े के अलावा मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अब्दुल मजीद, अरविंद टोप्पो, विशाल गुप्ता, यूसुफ मोमिन, रिंकू गुप्ता, गुड्डू खान, शशिकांत गुप्ता, याकूब खान, मुकेश ताम्रकार, संजय मांझी, राजा हसन, मुकेश देवांगन, आरिफ अंसारी, संतोष कसेरा, एजाज अंसारी, मनोज गुप्ता, हेमंत रजवाड़े, रघुनाथ सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### फसलों को बचाने सूखी नदी में जेसीबी से कुआं बनाकर कर रहे सिंचाई

# गर्मी से पहले सूख गई मान नदी सिंचाई के लिए नहीं मिल रहा पानी





सूखी मान नदी, नदी के बीच उगाई गई फसल और रेत उत्खनन करने तस्कर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सेदम

मई माह के अंतिम सप्ताह ही बतौली क्षेत्र के जीवनदायिनी माननदी के सुख जाने से किसानों की चिंता बढ़ा दी है। नदी किनारे स्थित खेतों में किसानो ने फसल तो लगा दिया लेकिन भीषण गर्मी में नदी के पूरी तरह से सुख जाने तथा फसलों की सिंचाई के लिए पानी नही होने से परेशान है। वहीं कुछ किसानों ने सूखी नदी में ही धान की फसल लगा दिया है लेकिन सिंचाई की सुविधा नहीं होने से चिंतित है। इधर सिंचाई के अभाव में सूख रहे फसल को बचाने किसान सुखी नदी में कुंआ बनाकर सिंचाई करने को मजबूर है।

**खास बात**

- नदी में पानी नहीं होने से बढ़ी किसानों की चिंता

गर्मी अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। मई माह में पड़ रही भीषया गर्मी से जिले के कई नदियां सूखने के कगार पर है वहीं क्षेत्र के मंगारी नदीपारा स्थित माननदी पूरी तरह सुख चुकी है। नदी में एक बूंद पानी नहीं है। नदी के हर तरफ बालू और पत्थर नजर आ रहा है। ऐसे में नदी किनारे किसानों द्वारा लगाए गए फसल सूखने लगी है। नदी में पानी नही होने की वजह से उत्पन्न समस्या से गंभीर स्थिति हो गई है। इधर किसान कर्ज लेकर तो नदी किनारे अपनी खेतों में गेहूं,गर्मी धान, गन्ना, मक्का, सब्जी की खेती कई एकड़ में किए है लेकिन समय से पहले ही माननदी के सुख जाने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ झलकने लगी है। अब किसान फसल की सिंचाई कैसे करें इसे लेकर चिंतित है।

क्षेत्र के किसानों का कहना है कि नदी पूरी तरह से सुख चुकी है। ऐसे में सिंचाई का एक मात्र साधन नदी में बनाए गए कुआं है लेकिन कुछ लोगों द्वारा नदी के बीच ही अवैध रूप से खेत बनाकर खेती करने लगे है जिससे परेशानी और भी बढ़ गई है। इसके अलावा नदी से लगातार रेत उत्खनन से भी जल स्तर नीचे चला गया है और पानी की किल्लत होने लगी है।

### पानी की कमी से किसान परेशान

ग्राम पंचायत मंगारी नदीपारा के किसानों ने बताया कि माननदी के पूरी तरह सूखने से पानी बिल्कुल नहीं है जिससे खेत में लगाई गई फसल की सिंचाई के साथ पालतू जानवरों को पानी कैसे पिलाएं इसकी चिंता सता रही है। पानी की समस्या के चलते अपनी अपनी खेतों में लगी फसल को बचाने के लिए सभी मिलकर नदी में कुआं खुदवा रहे है जिससे सिंचाई योग्य पानी निकल सके और अपनी फसल को बचा रहे है। फसल बच गई तो सभी किसान भाइयों को खेती में लगाए गए राशि मिल सकती है।

### गिरते जल स्तर से कई गांव प्रभावित

बतौली क्षेत्र के जीवनदायिनी नदी मान नदी का गिरते जल स्तर कई गांव प्रभावित है। माननदी से बतौली क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के हजारों एकड़ की खेती के लिए सिंचाई का एक माध्यम है और सहारा है। लेकिन जीवनदायिनी माननदी के सूखने से अब किसानों को मुसीबत में डाल दिया है। नदी के सूखने से एक गांव के किसान नहीं बल्कि नदी किनारे बसे तारागी, पोपरेंगा, सरमना, पथराई, सुवारपारा, मंगारी, करदाबहरी, वीरिमकेला, महेशपुर, बिशुनपुर सहित कई गांवों के किसान पानी की समस्या से जूझ रहे है।

### रेत तस्कर हुए सक्रिय

जीवनदायनी माननदी के सुख जाने से रेत और पत्थल ही दिखाई दे रहा है। ऐसे में अब रेत तस्कर सक्रिय हो गए है। माननदी नदीपारा, मंगारी सहित विशुनपुर में बडे पैमाने पर रेत खनन का कार्य चल रहा है। नदी में पानी की कमी से क्षेत्र के रेत तस्कर सुखी नदी का दोहन किया जा रहा है बावजूद इसके प्रशासन उदासीन है।



## मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत जल संरक्षण को लेकर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

मोर गांव मोर पानी महाअभियान अंतर्गत जल संरक्षण को बढ़ावा देने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन की प्रभावी व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी एवं जिप सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यशाला में जनपद क्षेत्र के सभी सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, एनआरएलएम के एरिया कोऑर्डिनेटर, पीआरपी, समूह की कैडर महिलाएं तथा जनपद स्तर के तकनीकी सहायकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई तथा गांव स्तर पर उनके क्रियान्वयन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान 5 प्रतिशत मॉडल रिचार्ज टैंक निर्माण की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि यह चार स्तरीय गड्ढा संरचना होती है, जिसमें वर्षा जल को संरक्षित कर भू-जल स्तर बढ़ाने का कार्य किया जाता है। मॉडल के प्रत्येक स्तर की गहराई एवं चौड़ाई निर्धारित मानकों के अनुसार रखी जाती है तथा इसकी कुल जल संग्रहण क्षमता लगभग 1458 लीटर होती है। जनपद पंचायत परिसर में इस मॉडल का ले-आउट तैयार कर प्रतिभागियों को इसका प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी कराया गया। कार्यशाला में रिच टू वैली उपचार पद्धति अंतर्गत स्टैगर्ड कंटूर ट्रेंच, कंटीन्यूअस कंटूर ट्रेंच, गली प्लग, बोल्डर चेक जैसी संरचनाओं के निर्माण एवं उपयोगिता पर भी प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इन संरचनाओं के माध्यम से वर्षा जल को गांव में ही रोककर भू-जल स्तर में वृद्धि की जा सकती है, जिससे कुओं एवं बोरवेल में जल उपलब्धता बढ़ती है और क्षेत्र में हरियाली बनी रहती है। विशेषज्ञों ने बताया कि जल संरक्षण संबंधी इन उपायों के माध्यम से बंजर एवं कृषि भूमि को अधिक उपयोगी बनाया जा सकता है। साथ ही वर्षा जल का बेहतर प्रबंधन कर भविष्य में जल संकट की स्थिति से बचाव संभव है। कार्यक्रम में जनपद सीईओ, कार्यक्रम अधिकारी, सरपंच-सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, एनआरएलएम के एरिया कोऑर्डिनेटर, पीआरपी, महिला समूहों की प्रतिनिधि तथा जनपद स्तर के सभी तकनीकी सहायक उपस्थित रहे।

## शिवनंदनपुर चुनावः भाजपा-कांग्रेस ने किया अपनी अपनी जीत का दावा

**बिश्रामपुर।** नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में पहली बार हो रहे निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह उफान पर है। मतदान से पहले भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं और जनता के बीच समर्थन जुटाने में पूरी ताकत लगा चुके हैं। भाजपा चुनाव प्रचार के दौरान नगर पंचायत शिवनंदनपुर के गठन को अपनी बड़ी उपलब्धि बताते हुए मतदाताओं से समर्थन मांग रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि क्षेत्रवासियों की दो दशक से अधिक पुरानी मांग को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने पूरा किया है। इसके साथ ही नगर विकास कार्यों के लिए हाल ही में स्वीकृत करीब साढ़े चार करोड़ रूपए की राशि को भी भाजपा अपनी उपलब्धि के रूप में जनता के सामने रख रही है। भाजपा नेताओं का आरोप है कि पिछले ढाई से तीन दशक के दौरान शिवनंदनपुर ग्राम पंचायत में कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधियों का वर्चस्व रहा लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किए गए। इसी मुद्दे को भाजपा चुनावी हथियार बनाकर जनता के बीच पहुंच रही है। वहीं कांग्रेस ने चुनाव की घोषणा होते ही संगठनात्मक स्तर पर तेजी दिखाते हुए अध्यक्ष पद सहित सभी 15 वार्डों के लिए प्रत्याशियों का चयन कर चुनावी मैदान में उतर गई। पार्टी ने स्थानीय स्तर पर एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए प्रचार अभियान को धार दी और वरिष्ठ नेताओं की सभाओं एवं रोड शो के माध्यम से माहौल बनाने का प्रयास किया। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि शिवनंदनपुर क्षेत्र पारंपरिक रूप से कांग्रेस का गढ़ रहा है और जनता विकास तथा स्थानीय मुद्दों के आधार पर पार्टी के पक्ष में मतदान करेगी। कांग्रेस यह भी आरोप लगा रही है कि भाजपा टिकट वितरण को लेकर अंत तक आंतरिक असंतोष और गुटबाजी से जूझती रही, जिसका असर चुनाव परिणामों पर पड़ सकता है। अब सभी की निगाहें मतदान और उसके बाद आने वाले नतीजों पर टिकी हैं। पहली बार नगर पंचायत चुनाव होने के कारण क्षेत्र में उत्साह चरम पर है और यह देखना दिलचस्प होगा कि मतदाता किस दल के दावों पर मुहर लगाते हैं।

### बड़े नेताओं की प्रतिष्ठा दाव पर लगी

शिवनंदनपुर नगर पंचायत का चुनाव भाजपा कांग्रेस दोनों दलों के लिए प्रतिष्ठा का विषय बना हुआ है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े विधानसभा भटगांव सहित गृह क्षेत्र शिवनंदनपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले निकाय चुनाव में जीत हासिल करने पिछले एक डेढ़ माह से वे क्षेत्र में सक्रिय हैं। वहीं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल भी चौपाल लगा लोगो से मुलाकात कर नगर विकास में कोई कसर नहीं छोड़ने का वादा कर चुके है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी पिछले दिनो जायसवाल समाज की बैठक ली जबकि दो दिनों पूर्व डिप्टी सीएम अरुण साव की शिवनंदनपुर की सभा में उमड़ी महिलाओं की भीड़ भाजपा के लिए राहत भरी खबर के रूप में देखी जा रही है। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष योगीराज टिकरिहा के रोड शो में युवाओं की भीड़ ने भी भाजपा की उम्मीदों को बढ़ाया है। इसी तरह कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव की नगर में रोड शो और बस स्टैंड में सभा ने भी कांग्रेसियों को उत्साह से भर दिया है। इसके अलावा अध्यक्ष पद के आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी साहू समाज सहित निचली बस्ती के समर्थन से चुनावी मैदान में मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में संघर्षरत हैं।

## मंत्री के प्रयासों से भवरखोह को मिली पक्की सड़क की सौगात



**अम्बिकापुर।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ओड़गी ब्लाक के विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयास से स्वीकृति मिली थी। जिन सड़कों का वर्चुअल भूमिपूजन 17 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया था। इसी क्रम में ओड़गी ब्लाक अंतर्गत भवरखोह में पक्की सड़क निर्माण कार्य की सौगात मिली है।जो आनंदपुर से होते हुए भवरखोह सेमरखाड़ मार्ग को जोड़ेगा। जिसकी कुल लम्बाई 4.65 किलोमीटर है और लगभग 4 करोड़ 93 लाख की लागत से बनेगा। सड़क निर्माण से पंडों जनजाति वाले पारा सेमरखाड़, गेरूहा डांड़, पंडोंपारा, तेलाइडांड व स्कूल पारा का आवागमन को आसान बनाकर रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करेंगी। इसके लिए क्षेत्रीय विधायिका व प्रदेश के मुखिया का ग्रामीणों ने आभार जताया है। भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री प्रियांशु यादव ने कहा कि यह योजना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह योजना गांव-गांव तक विकास की राह खोल रही है। इस मौके सरपंच रामप्रसाद , दिलीप, लालचंद , पारस, देवधारी, विजय, समेत भारी संख्या में आम जनता उपस्थित रहें।

## संभल के जाना फुलवारी में, फूलों के संग कांटे हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



चोपड़पारा स्थित संध्या सिंह के निवास पर कृति नारी साहित्य समिति द्वारा ₹फुलवारी ₹ विषय पर गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार बबन पांडेय की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित करके सीमा तिवारी द्वारा वंदना गायन के उपरांत श्रीमती राज पांडे द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया । संचालन कर रही माधुरी जायसवाल ने विषय पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं को आमंत्रित किया।

कवियत्री संध्या सिंह ने अपनी प्रस्तुति में कहा हँसती, मुस्कुराती मुझसे बातें करती है फुलवारी,वहीं कांति पांडे ने गद्य में अपनी शाला के नन्हें बच्चों में हर फूल की कल्पना और स्वयं को जिम्मेदार मालिनिया निरूपित कर मन मोह लिया। संतोषी चंदेल 'गुड़िया', ने गीत में पिरोकर गाकर सुनाया, किस्म -किस्म के फूल खिले हैं ,जो देखे बस कह दे वाह, आंगन खिलती है फुलवारी, बच्चों जैसी है परवाह। गीता तिवारी ने फुलवारी की तुलना तिरंगे की शान से किया वहीं उमा वर्मा ने, बाग बाग हो उठे कलेजा, देख के आंगन की फुलवारी, कह सुंदर सृजन से मन मोह लिया।

सरिता सिंह ने अपनी प्रस्तुति में, हर फूल हमें जीना सिखाता है, खुशबू बनाए रखना सिखाता है का संदेश दिया। आशा उपाध्याय ने कृति समिति को भी एक फुलवारी निरूपित कर उस छाया में सौंदर्य और वैचारिक सुगंध का दृश्य खींच सभी को अचंभित कर दिया।रूही ग़जाला ने संभल के जाना फुलवारी में फूलों के संग कांटे हैं। सीमा तिवारी ने फुलवारी पर गीत सुनाने के बाद माँ पर भोजपुरी में सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। समिति की अध्यक्ष माधुरी जायसवाल ने कृति समिति भी फुलवारी है ,सभी फूल नायाब की सुंदर प्रस्तुति दी। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संध्या सिंह ने विशिष्ट अतिथि श्री पांडेय के साथ सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, सभा संपन्न किया। श्रीमती गीता दुबे ने आज सरसों के हाथ पीले हुए की प्रस्तुति दी मंजू सिंह ने माता का सुमधुर भजन सुनाया। पूनम शुक्ला ने संस्था के उद्देश्य की प्रशंसा करते हुए कृति को भी फुलवारी ही निरूपित किया। मुख्य अतिथि बबन पांडे ने समिति सदस्यों की रचनाधर्मिता की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए प्रस्तुतिकरण को और भी प्रभावशाली बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

श्रोताओं में निर्मला श्रीवास्तव, सुशीला वर्म, उपमा पांडे, मंजू पांडे, प्रभा मिश्रा, फूलमती सिंह, कविता सिंह,स मिता सिंह, शशि सिंह, प्रकाश कश्यप के साथ बड़ी संख्या में अनेक श्रोता उपस्थित रहे।

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA

## एसजीजीयू संचालित करेगा पीजी डिप्लोमा इन प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स पाठ्यक्रम

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, विधि विभाग अंतर्गत एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रारंभ किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह पाठ्यक्रम बाल अधिकारों के संरक्षण, संवर्धन एवं संबंधित विधिक प्रावधानों के अध्ययन हेतु तैयार किया गया है। पाठ्यक्रम का प्रस्तावित अध्यादेश एवं पाठ्यक्रम संरचना विश्वविद्यालय की विधि विषयक अध्ययन मंडल द्वारा अनुमोदित किए जाने के पश्चात विद्या परिषद् एवं कार्य परिषद भी इसे स्वीकृत कर चुका है। पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु कुल 30 सीटें निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया 29 मई से प्रारंभ कर दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि वर्तमान समय में बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित विषयों का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। ऐसे में यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, विधि व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों तथा बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत अभ्यर्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
CGHS से मान्यता प्राप्त
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY
LAPAROSCOPIC SURGEON

प्रसिद्ध मनोरोग, नशा मुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
आपके शहर अंबिकापुर में उपलब्ध
डॉ. निशांत कुमार साहू
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) मद्रास मेडिकल कॉलेज (चेन्नई)
मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
उपलब्ध उपचार
माह के प्रथम रविवार 07 जून को अंबिकापुर में उपलब्ध
उदासी, चिन्ता, घबराहट, डर, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, निंद की कमी, उन्माद, आत्महत्या के विचार, पागलपन, अजीब अभास या सोच, शक करना, किसी काम में मन न लगना, सिरदर्द, असामान्य दर्द, मिर्गी या झटका, बच्चों में चंचलता, बच्चों एवं बुजुर्गों में याददास्त की कमी, मंदबुद्धि, सेक्स समस्या, शराब एवं अन्य नशें की लत।
एस.आर.एस. हॉस्पिटल, जिला हॉस्पिटल रोड, अंबिकापुर 7987779819, 7880289133

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 जून, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर
गायत्री हॉस्पिटल
• सिर, कमर, हाथ, पैर में दर्द,
• सिर की चोट (हेड इन्जुरी)
• रीढ़ की हड्डी की चोट
• ब्रेन ट्यूमर, स्पाईनल ट्यूमर
• बच्चों में बड़ा सिर (हाइड्रोसिफेल
• पीठ में फोड़ा (मैनिनगोसील)
• माइक्रो एण्डोस्कोपी
• लकवा, सियाटिका
• स्लिप डिस्क आदि का ईलाज

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक -31 मई, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 06 जून 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- दोपहर 02 बजे से रात्रि 8 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत गणेशपुर ग्रामीणों ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

**रामानुजनगर।** ग्राम पंचायत गणेशपुर में भाजपा पदाधिकारियों के साथ ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 134 वां एपिसोड मन की बात का श्रवण किया। इस दौरान ग्राम पंचायत की माताएं, बहने के अलावा भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ध्यानचंद गुप्ता, क्षेत्र क्रमांक 22 के जनपद सदस्य रोहित सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### नौतपा की भीषण गर्मी में भी कोईलार साक की मांग बरकरार, सबसे महंगी है सब्जी



**रामानुजगंज।** नौतपा की भीषण गर्मी के बीच जहां आमतौर पर लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, वहीं रामानुजगंज के साप्ताहिक बाजार में इन दिनों एक विशेष साग लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। यह है कोईलार का साग जो वर्तमान में बाजार में उपलब्ध सब्जियों और सागों में सबसे महंगा बिक रहा है। ऊंची कीमत के बावजूद इसकी मांग में कोई कमी नहीं देखी जा रही है। स्वाद, पौष्टिकता और सीमित उपलब्धता के कारण लोग इसे खरीदने के लिए उत्सुक नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कोईलार का साग किसी खेत में नहीं बल्कि पेड़ पर उगता है। इसकी कोमल पत्तियां और नई टहनियां ही साग के रूप में उपयोग की जाती हैं। वर्षभर यह उपलब्ध नहीं रहता, बल्कि केवल गर्मी के मौसम में कुछ ही सप्ताह के लिए बाजार में आता है। यही वजह है कि इसकी उपलब्धता सीमित रहती है और कीमत अन्य सागों की तुलना में काफी अधिक होती है।सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि कोईनार साग को जंगलों और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी मेहनत से एकत्र किया जाता है। पेड़ों पर चढ़कर उसकी कोमल पत्तियां तोड़नी पड़ती हैं, जिसके कारण उसकी लागत भी बढ़ जाती है। नौतपा के दौरान तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच इसे बाजार तक पहुंचाना भी आसान नहीं होता। यही कारण है कि इसकी कीमत लगातार ऊंची बनी हुई है। कोईलार साग केवल स्वाद के लिए ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य लाभों के लिए भी प्रसिद्ध है। ग्रामीण अंचलों में इसे पारंपरिक पौष्टिक आहार माना जाता है। बुजुर्गों का कहना है कि इसमें कई प्रकार के प्राकृतिक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में भी सहायक होते हैं। गर्मी के मौसम में शरीर को आवश्यक पोषण देने के कारण इसकी विशेष मांग रहती है। बाजार में इस समय भिंडी, करेला, लौकी, परवल और अन्य हरी सब्जियां भी उपलब्ध हैं, लेकिन चर्चा का केंद्र केवल कोईलार साग बना हुआ है। बाजार में जहां अधिकांश सब्जियों की मांग प्रभावित होती है, वहीं कोईलार साग अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है।

### विनोद तथा बुधसाय को मिली पदोन्नति

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र उदयपुर में पदस्थ विनोद सिंह के वनपाल से उप वन क्षेत्रपाल तथा बुधसाय राजवाड़े के वनरक्षक से वनपाल पद पर पदोन्नत होने के उपलक्ष्य में रामगढ़ स्थित चेतना शिविर में स्टार अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी अभिषेक जोगावत, वन परिक्षेत्र अधिकारी फेंकू चौबे ने पदोन्नत अधिकारियों को स्टार अलंकरण कर उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं और उनका बेहतर निर्वहन विभाग की कार्यक्षमता को और मजबूत बनाता है। इस दौरान वन कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष राजेश बराडे, वन कर्मचारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष बसंत राजवाड़े, सेवा निवृत्त गंगा राम शर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी रामनिवास दहायत, विश्वास दास वैष्णव के अलावा गिरीश बहादुर, शशिकांत सिंह, रामविलास सिंह, अशोक प्रताप सिंह, मल्लेश्वर पैकरा, अनिता मिंज, ओरेलिया मिंज, सुशीला पैकरा, आर्मो सिंह, सहिस कपूर, इंद्र प्रसाद, उमेश कश्यप सहित सीतापुर, लखनपुर एवं उदयपुर परिक्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मेंटेनेंस के नाम पर भारी-भरकम खर्च

# हवा के हल्के झोंके से टूटे विद्युत तार शहर में देर रात तक छाया रहा अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- दिन में अनेको बार बाधित हो रही आपूर्ति

प्री मानसून की बारिश ने शहर की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की पोल खोल दी है। विक्षोभ एवं अन्य घटकों के प्रभाव से पिछले चार दिनों से प्रायः हर दिन कमोवेश वर्षा हो रही है जिससे भीषण गर्मी से राहत मिल गई है साथ ही विद्युत का दबाव भी कम हो गया है। इसके बावजूद दिन-रात में अनेकों बार विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है। जिससे ग्रामीण इलाकों में तो समस्या हो रही है संभाग मुख्यालय में भी लोगों को अंधेरे में समय गुजारना पड़ रहा है।

बरसात के पूर्व हर साल विभाग आंधी-पानी से विद्युत तारों एवं उपकरणों की सुरक्षा के लिए रखाव का कार्य करता है। इस बार भी विभाग द्वारा एक पखवाड़े तक विद्युत लाइन का रखरखाव करने अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्युत लाइन के निकट के पेड़ों की खतरनाक डालों की कटाई-छटाई की गई साथ ही विद्युत तारों को भी दुरूस्त किया गया। इधर प्री मानसून की बारिश शुरू होते ही विद्युत व्यवस्था इतनी बदहाल हो गई है कभी भी आपूर्ति बाधित हो जा रही है। प्री मानसून की बारिश के साथ एवं कई बार बारिश के पूर्व तेज रफ्तार आंधी चल रही है। तेज रफ्तार आंधी में पेड़ों की डालें टूटना स्वभाविक है। तेज आंधी में जगह-जगह पेड़ भी उखड़ जा रहे हैं साथ ही विद्युत तार एवं पोल क्षतिग्रस्त हो जा रहे हैं। ऐसी स्थिति निर्मित होने पर बड़े इलाके की विद्युत आपूर्ति लम्बे समय तक बाधित रह रही है तथा विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के लिए अमले को घंटों कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इसके विपरीत शहर में हल्की बारिश होने पर भी विद्युत आपूर्ति घंटों बाधित रह रही है। आंधी-बारिश के दौरान हवा के हल्के झोंके से भी विद्युत आपूर्ति ठप हो जा रही है।



खतिग्रस्त ट्रांसफार्मर।



विद्युत तार पर गिरा पेड़।

### दो घंटे तक छाया रहा अंधेरा

रविवार को भी शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। इस दौरान सूरजपुर जिले में बारिश के साथ कहीं-कहीं तेज रफ्तार आंधी चली। इस दौरान विश्रामपुर स्थित 132 केवी विद्युत उपकेंद्र में तकनीकी खराबी आने के बाद शहर सहित सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर जिले के बड़े इलाके में शाम 5.45 बजे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। तकनीकी खराबी को सुधारने के बाद शाम 6.15 बजे आपूर्ति सुचारू की गई तो जानकारी मिली ग्राम पंचायत सरगवां स्थित 33 केवी, महामाया सब स्टेशन न्यू सरगवां एवं टाउन फीडर में तकनीकी खराबी आने के कारण विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो रही है। पेट्रोलिंग कर कर्मचारियों ने तकनीकी खराबी को दुरूस्त किया तो 7.35 बजे आपूर्ति सुचारू हुई। विद्युत-आपूर्ति बाधित होने के कारण बड़ी संख्या में लोग पीने का पानी नहीं भर सके। विभाग द्वारा कई बार आपूर्ति चालू भी की गई लेकिन फाल्ट आने के कारण बार-बार आपूर्ति ठप हो रही थी। दो घंटे बाद आपूर्ति सुचारू हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली।

### पूरी रात चलती रही मरम्मत

शनिवार को शाम तेज रफ्तार हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई थी। इस दौरान तेज गरज-चमक होने पर सरगवां एवं न्यू सरगवां 33 केवी फीडर में 6 इंसुलेटर वहीं कंठी में 3 इंसुलेटर ब्लास्ट हो गए। इसके साथ ही दरिमा, भिट्ठीकला, सुखरी, लमगांव में भी तकनीकी खराबी आने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। इस दौरान शहर के तकिया एवं कतकालो स्थित फिल्टर प्लांट की आपूर्ति भी बाधित रही। विद्युत कर्मियों ने पूरी रात कड़ी मशक्कत कर क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को दुरूस्त कर आपूर्ति को सुचारू किया। दोनो फिल्टर प्लांट की विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण शहर के कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित रही।

### डाले टूटने से बाधा

विद्युत लाइन पर पेड़ों की डालें टूटकर गिरने के कारण आपूर्ति बाधित हो रही है। रात में भी तकिया फिल्टर प्लांट सहित कई स्थानों पर तकनीकी खराबी आई थी जिसे रात में ही दुरूस्त कर लिया गया था।

-जेपी राजवाड़े, ईई, शहर विद्युत संभाग



## तेज रफ्तार हाइवा की टक्कर से युवक की मौत, मां की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- बमलाया के समीप हुई घटना, अपराध दर्ज

नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार मां बेटे को अपनी चपेट में ले लिया। चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। वहीं पुलिस ने मामले में शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र के ग्राम महेशपुर निवासी आशीष तिर्की शनिवार को किसी काम से सीतापुर आया हुआ था और देर शाम साढ़े पांच अपनी मां के साथ बजे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीपी 1731 से सीतापुर से वापस अपने गृहग्राम महेशपुर लौट रहा था। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर जैसे ही युवक ग्राम बमलाया पहुंचा अंबिकापुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा वाहन क्रमांक बीआर 25 जीए 4085 के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार मां बेटे को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान हाइवा ने बाइक चालक आशीष तिर्की को कुचल दिया जिससे उसके शरीर के नीचे का हिस्सा बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गया और युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पीछे बैठी उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। इधर मृत युवक के शव को मर्च्युरी में रखा गया था। रविवार को पुलिस द्वारा पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा हाइवा चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(ए), 106(1) के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही वाहन को जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रघुनाथ राम भगत समेत पुलिस बल सक्रिय थे।

### क्षेत्र में यूरिया एवं डीएपी खाद की कालाबाजारी से किसान परेशान : दुबे

**रामानुजगंज।** क्षेत्र में रासायनिक उर्वरक यूरिया एवं डीएपी खाद की कथित कालाबाजारी से किसान परेशान हैं। इस मुद्दे को उठाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अरविंद दुबे ने किसानों के हित में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सहकारी समितियों में खाद वितरण व्यवस्था में भारी अनियमितता है तथा प्रभावशाली एवं आर्थिक रूप से सक्षम किसानों को प्राथमिकता देकर खाद उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि छोटे, लघु एवं सीमांत किसान उपेक्षित हैं। अरविंद दुबे ने कहा कि जिन किसानों के पास कम रकबा है और उन्हें सरकारी सहायता की सबसे अधिक आवश्यकता है, उन्हें खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। मजबूरी में ऐसे किसान खुले बाजार से अधिक कीमत पर खाद खरीदने को विवश हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और कमजोर हो रही है।उन्होंने बताया कि विगत वर्ष यूरिया खाद की एक बोरी 1000 से 1500 रुपये तक में बिकने की शिकायतें सामने आई थीं। किसानों ने खेती और रोपाई कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए मजबूरी में ऊंचे दामों पर खाद खरीदी थी। वर्तमान में किसानों को एक एकड़ भूमि के लिए मात्र एक बोरी यूरिया खाद लगभग 470 रुपये प्रति बोरी की दर से उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि इसकी निर्धारित कीमत 266 रुपये प्रति बोरी है। अरविंद दुबे ने जिला प्रशासन, कृषि विभाग एवं संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा जमाखोरी एवं कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## दो दिन तक आंधी-बारिश से नहीं मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



आगामी दो दिनों तक आंधी-तूफान से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। पछुआ विक्षोभ सहित जगह-जगह चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका के प्रभावी होने के कारण खाड़ी से लगातार नमी पहुंच रही है। जिससे हर दिन दोपहर बाद मौसम में बदलाव आ रहा है तथा तेज रफ्तार आंधी के साथ बारिश हो रही है। मौसम विज्ञानी आगामी दो दिनों तक कहीं-कहीं 60-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने एवं गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम में आए बदलाव का असर रविवार को भी देखा गया तथा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी आगामी 2 जून तक मौसम के यथावत रहने एवं दोपहर बाद तेज रफ्तार आंधी चलने एवं बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी के अनुसार वर्तमान में पछुआ विक्षोभ उत्तर पश्चिम यूपी में समुद्र तल से 3.1 किमी से 7.6 किमी की ऊंचाई पर चक्रवाती परिसंचरण के रूप में सक्रिय है। वहीं विदर्भ एवं उससे सटे तेलंगाना, पूर्वी मध्य क्षेत्र से सटे उत्तर पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण, विदर्भ के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण से लेकर पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर प्रभावी चक्रवाती परिसंचरण तक द्रोणिका वहीं दक्षिण केरल से सटे दक्षिण पूर्वी अरब सागर के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है जिसके प्रभाव से लगातार खाड़ी से नमी पहुंच रही है।

### मूसलाधार बारिश से गिरा तापमान

**बिहारपुर।** सूरजपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में रविवार को शाम अचानक मौसम बदला एवं गरज-चमक के साथ 45 मिनट तक मूसलाधार बारिश हुई। क्षेत्र में पहली बार हुई मूसलाधार बारिश से गर्मी से राहत मिल गई है साथ ही तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से इसके पूर्व भी कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई थी। भीषण गर्मी के कारण छिटपुट बारिश का गर्मी पर कोई प्रभाव नहीं दिख रहा था। कुछ क्षेत्रों में बारिश होने के कारण वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण उमस बढ़ गई है। रविवार को पहली बार क्षेत्र में मूसलाधार बारिश होने से क्षेत्रवासियों को काफी राहत मिली है। बारिश होने से क्षेत्रवासी काफी उत्साहित हैं। अब खेतों में नमी आने के बाद खरीफ खेती के लिए शीघ्र खेतों की जोताई प्रारंभ की जाएगी।

## वर्षा जल संरक्षण को लेकर लोगों को दी गई जानकारी

- 5 प्रतिशत मॉडल का दिया गया प्रशिक्षण



**राजपुर।** जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मोर गांव मोरे पानी अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 5 प्रतिशत मॉडल पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि 5 प्रतिशत मॉडल वर्षा जल संरक्षण की एक प्रभावी तकनीक है, जिसके माध्यम से खेतों में बारिश के पानी को रोककर लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे खेतों में नमी बनी रहती है, फसलों को पर्याप्त जल उपलब्ध होता है तथा भू-जल स्तर में वृद्धि होती है। इसके साथ ही किसानों को सिंचाई संबंधी समस्याओं से भी काफी हद तक राहत मिल सकती है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को 5 प्रतिशत मॉडल की तकनीकी जानकारी दी गई और बताया गया कि खेतों में इसका निर्माण किस प्रकार किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने मॉडल के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल संरक्षण की दिशा में यह एक सरल, कम लागत और अत्यंत प्रभावी उपाय है। इसके माध्यम से कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ जल संकट की समस्या को भी कम किया जा सकता है। कार्यशाला में क्षेत्र में लगातार घटते भू-जल स्तर पर चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि जल संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है और यदि प्रत्येक किसान अपने खेत में इस मॉडल को अपनाए तो आने वाले समय में जल संकट की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया जा सकता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार दुबे ने बताया कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सरपंचों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे जनभागीदारी के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को 5 प्रतिशत मॉडल अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने वृक्षारोपण को भी जल संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के प्रतिनिधि राधा रमण पांडेय ने कहा कि इस मॉडल खेतों में जल संरक्षण का प्रभावी साधन है। इससे वर्षा जल का बेहतर उपयोग संभव होता है, मिट्टी की नमी लंबे समय तक बनी रहती है तथा भू-जल स्तर में सुधार होता है। उन्होंने किसानों से इस मॉडल को अपनाकर जल संरक्षण अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया। कार्यशाला में एसडीओ जानू राम सोनवानी, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी एमएस सिदार, मनरेगा तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, एनआरएलएम के सीआरपी एवं पीआरपी तथा इंडियन ग्रामीण सर्विसेज की टीम सहित बड़ी संख्या में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नगर में 14.91 करोड़ रुपये के कार्यों का होगा भूमिपूजन

**रामानुजगंज।** नगर क्षेत्र में लगभग 14 करोड़ 91 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन समारोह 1 जून को प्रातः 10.30 बजे काका लरंग साय कम्युनिटी हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयनित 113 हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए कार्यादेश भी वितरित किए जाएंगे। प्रत्येक आवास के लिए 2 लाख 82 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री रामविचार नेताम होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमन अग्रवाल करेंगे। वहीं नपं उपाध्यक्ष शीला जायसवाल, सभी पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में अधोसंरचना और जन सुविधाओं से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत 4 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से कनहर नदी में मिलने वाले गंदे पानी के उपचार हेतु सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना प्रमुख है। इसके अतिरिक्त 2 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन का निर्माण किया जाएगा।

## शिवनगर वार्ड में गड्ढे व अव्यवस्थाओं को सुधारने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के शांति नगर कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं की बदहाली को लेकर मोहल्ले वासियों ने जनप्रतिनिधियों से संपर्क अभियान के दौरान अपनी समस्याएं गिनाई। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड के नाली कई जगह से टूटी हुई है जिको लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी से शिकायत कर नाली मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

मोहल्ले वासियों का कहना है कि उनके घर के सामने की नाली पिछले लगभग दो वर्षों से टूटी हुई है, जिसके कारण गंदा पानी सड़क पर बह रहा है जो घर के परिसर तक पहुंच रहा है। बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। शांति नगर स्थित नाली और उसका ढक्कन लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। नाली का पानी सीधे सड़क पर फैल रहा है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि घर में आने-जाने के लिए भी लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। लोगों का कहना है कि नाली का गंदा पानी लगातार जमा रहने से पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। गर्मी के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं। मच्छरों की संख्या बढ़ने से डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। रहवासियों का आरोप है कि कई बार ग्राम पंचायत के समय भी शिकायत की गई थी और नगर पंचायत गठन के बाद भी अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई जिसका खामियाजा मोहल्ले के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## स्वच्छता से समृद्धि की राह-अब घर-घर होगा कचरे का पृथक्करण

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम पर जिला स्तरीय कार्यशाला

**मनेन्द्रगढ़।** स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज, सुरक्षित पर्यावरण और बेहतर भविष्य की आधारशिला है। इसी सोच को धरातल पर उतारने के लिए जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यशाला में अधिकारियों-कर्मचारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को कचरा प्रबंधन के नए नियमों और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला सलाहकार राजेश जैन ने नियम 2026 के प्रमुख प्रावधानों, कार्ययोजना और क्रियान्वयन प्रक्रिया पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि अब स्त्रोत स्तर पर ही गीला, सूखा, सैनिटरी और जोखिमपूर्ण कचरे का पृथक्करण अनिवार्य होगा तथा कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जाएगा। कलेक्टर संतन देवी जांगड़े ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर फेंकी गई प्लास्टिक एवं कांच की बोतलें पर्यावरण के साथ-साथ पशुओं के लिए भी गंभीर खतरा बनती हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह मई 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह मई 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जून 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

